बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत निर्देशः–

ऑनलाईन आवेदन कैसे करें :–

1. ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व आवेदक सुनिश्चित हो लें कि उनके पास कार्यरत E-mail ID तथा Mobile No. मौजूद है। **आवेदक उक्त E-mail ID तथा Mobile No. को अंतिम परीक्षाफल प्रकाशित होने तक सुरक्षित रखेंगे।** साथ ही आवेदक ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व विज्ञापन का अध्ययन अच्छी तरह से कर लेंगें। आवेदक सुनिश्चित हो लेंगे कि ऑनलाईन आवेदन भरते समय सभी वांछित प्रमाण पत्र मूल रूप से उनके पास उपलब्ध है।

2. आवेदक सर्वप्रथम बिहार लोक सेवा आयोग के ऑनलाईन वेबसाईट www.onlinebpsc.bihar.gov.in पर जाकर "**ONLINE REGISTRATION**" के टैब पर क्लिक करते हुए, जिस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उसके सामने दिए गए **Apply Online** के बटन पर Click करेंगे। **Registration** पेज पर आवेदक अपनी संबंधित सूचनाएँ भरेंगे एवं "Submit" बटन पर क्लिक करेंगे। जिसके बाद आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड E-mail ID पर **User Name** एवं **Password** प्राप्त होगा।

   नोटः–आवेदक Registration Form पेज के Submit बटन पर Click करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लेंगे कि उनके द्वारा भरी गयी सभी विवरणी/सूचनाएँ सुस्पष्ट एवं सही है। आवेदक पूरी तरह से संतुष्ट होने के उपरान्त ही Submit Registration Form बटन पर क्लिक करेंगें।

3. Registration की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद रजिस्टर्ड Email ID पर प्राप्त User Name एवं Password से आवेदक www.onlinebpsc.bihar.gov.in के Home Page पर Login करेंगे। Login करने के उपरांत आवेदक **Online Payment** के Button पर क्लिक करते हुए परीक्षा शुल्क का भुगतान करेंगे।

   नोटः– आवेदक भुगतान करने से पहले विज्ञापन में वर्णित निर्देशों के अनुसार रजिस्ट्रेशन में Edit कर सकते हैं।

4. परीक्षा शुल्क के ऑनलाईन भुगतान के बाद आवेदक **Application Form** के बटन पर क्लिक करते हुए ऑनलाईन आवेदन भरेंगे।
   - I. आवेदन प्रपत्र में कतिपय (कुछ) बॉक्स पूर्व से भरे होंगे, जिसे आवेदक द्वारा **Registration** के समय भरा गया है। आवेदन प्रपत्र में शेष खाली बॉक्स आवेदक भरेंगे।
   - II. ऑनलाईन आवेदन के अंत में आवेदक हिन्दी एवं अंग्रेजी में हस्ताक्षर तथा फोटोग्राफ निर्धारित स्थान पर अपलोड करेंगे। आवेदक सुनिश्चित हो लेंगे कि अपलोड किये जाने वाले हस्ताक्षर का साईज 15 KB तथा फोटोग्राफ का साईज 25 KB से अधिक नहीं हो। हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ (.jpg/.jpeg) Format में होना चाहिए। आवेदक यह भी सुनिश्चित कर लेंगे कि उनके द्वारा अपलोड किया गया हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ का इमेज सुस्पष्ट एवं पठनीय है।
   - III. आवेदक Preview बटन पर क्लिक कर उनके द्वारा भरी गयी विवरणी/सूचनाओं को देख सकते हैं एवं आवश्यकतानुसार परिवर्तन कर सकते हैं, **लेकिन जो विवरणी/सूचनाएँ रजिस्ट्रेशन करने के समय भरी गयी है, उसे Application Form भरते समय परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।**
   - IV. **आवेदन को "Submit" करने से पहले आवेदक यह सुनिश्चित कर लेंगे कि सभी विवरणी/सूचनाएँ जो आवेदक द्वारा दी गयी है, वह सही एवं सुस्पष्ट है तथा उनका फोटो एवं हस्ताक्षर सही तरीके से Upload हो चुका है, क्योंकि एक बार फॉर्म Submit करने के बाद किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं है। आवेदक पूरी तरह से संतुष्ट होने के उपरान्त ही Submit बटन पर क्लिक करेंगे। उपरोक्त वर्णित सभी प्रक्रिया क्रमानुसार एक के बाद एक की जा सकेगी।**

5. Application Form को "Submit" करने के बाद आवेदक पुनः Login कर डैशबोर्ड पर उपलब्ध टैब **"Download filled Application"** से भरा हुआ आवेदन (Pdf) डाउनलोड कर लेंगे। आवेदक यह भी सुनिश्चित कर लें कि डाउनलोड किये गए आवेदन (Pdf)/हार्ड कॉपी के प्रत्येक पृष्ठ पर **Registration Number, Bar Code** एवं **Submitted Application No.** अंकित है। आवेदन (Pdf)/हार्ड कॉपी पर Registration Number, Bar Code एवं Submitted Application Number में से किसी एक के अंकित नहीं होने पर भी आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ नहीं माना जाएगा एवं आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

6. विज्ञापन में अंकित निर्देशों/शर्तों के अनुसार ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि के बाद से एक सप्ताह तक **Edit** का प्रावधान होगा। जिसमें रजिस्ट्रेशन के समय भरी गई कुछ सूचनाओं/विवरणी (विज्ञापन में वर्णित) को छोड़कर परिवर्तन किया जा सकेगा। इसके बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा।

ऑनलाईन आवेदन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण निर्देशः–

1. ऑनलाईन आवेदन में अंकित Email-Id, Mobile No तथा प्राप्त User Name एवं Password को सुरक्षित रखना आवेदक की जिम्मेवारी होगी। इसे वे अंतिम परीक्षाफल प्रकाशन तक सुरक्षित रखेंगे।
2. किसी भी तरह की कठिनाई होने पर विज्ञापन देखा जा सकता है तथा दिए गए कार्यालय अवधि सोमवार से शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) तक 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक निम्नलिखित हेल्प लाइन नम्बर (दूरभाष संख्या) पर संपर्क किया जा सकता है।

➢ **Helpline No.- 9297739013** (Only for Query related to Online Application)